6.	Evaluators will mark (√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right **(✓)** while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7.	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8.	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9.	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10.	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11.	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.

12.	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).
13.	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14.	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0) Marks.
15.	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16.	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17.	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18.	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

Marking Scheme
Class X -Social Science (087)
SET-32/5/2

SET -2 **MM-80**

Q.No.		मूल्य बिन्दु	Page No.	Marks
		खण्ड –क **(बहुविकल्पीय प्रश्न)**		**(20X1=20)**
1	(B)	रबड़	**38 G**	**1**
2	(C)	a-iii, b- iv, c- ii, d-i	**24 G**	**1**
3	(C)	भोपाल झील	**22 G**	**1**
4	(D)	मानस बाघ रिजर्व – असम	**15 G**	**1**
5	(D)	केवल I,II और IV सही है।	**15 E**	**1**
6	(C)	बाजार में क्षेत्रीय प्रेस की माँग में वृद्धि	**120H**	**1**
7	(B)	आलू	**55 H**	**1**
8	(B)	यूरोप के बाजारों के लिए	**56 H**	**1**
9	(A)	केवल I,II और III सही है।	**6 H**	**1**
10	(D)	I और II दोनो सही हैं और II, I की सही व्याख्या है।	**63 E**	**1**
11	(A)	मुद्रा का प्रचलन बढ़ाकर	**39 E**	**1**
12	(A)	सहकारी बैंक	**47 E**	**1**
13	(C) (B)	तृतीयक **नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर हैं।** द्वितीयक	**20 E** **20 E**	**1** **1**
14	(C)	320	**30-31E**	**1**
15	(C)	भारत	**13 E**	**1**
16	(B)	केवल I,III और IV सही है।	**48-49 P**	**1**
17	(D)	शिक्षा, वन, विवाह	**17 P**	**1**
18	(C)	सांस्कृतिक विविधता	**4 P**	**1**
19	(C)	a-iv, b- i, c- ii, d-iii	**53 G**	**1**
20	(A)	(A) और (R) दोनों सही हैं और (R),(A) की सही व्याख्या है।	**44 G**	**1**

	खण्ड – ख **(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X2=8)**
21	**भारत में उदारीकरण ने किस प्रकार वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया? व्याख्या कीजिए।** (i) विदेशी व्यापार और विदेशी निवेश पर लगे अवरोधों को काफी हद तक दूर कर दिया गया। (ii) वस्तुओं का आयात और निर्यात अब आसानी से किया जा सकता है। (iii) विदेशी कंपनियाँ अब भारत में कारखाने और कार्यालय स्थापित कर सकती है। (iv) व्यापार के उदारीकरण के साथ, व्यवसायों को इस बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की अनुमति है कि वे क्या आयात या निर्यात करना चाहते हैं। (v) सरकार ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और आकर्षित करने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZs) बनाए हैं। (vi) बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में अपने निवेश में वृद्धि की है। (vii) वैश्वीकरण ने कुछ बड़ी भारतीय कंपनियों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के रूप में उभरने में सहायता की है। (viii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**64 E**	**2X1=2**
22	**जलोढ़ मृदा की दो मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** (i) यह मृदाएँ हिमालय की तीन महत्त्वपूर्ण नदी तंत्रों सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों द्वारा लाए गए निक्षेपों से बनी है। (ii) जलोढ़ मृदा में रेत, सिल्ट और मृत्तिका के विभिन्न अनुपात पाए जाते है। (iii) नदी घाटी के ऊपरी भाग में, जैसे ढाल भंग के समीप मोटे कण वाली मृदा पाई जाती हैं। (iv) ऐसी मृदाएँ पर्वतों की तलहटी पर बने मैदानों जैसे द्वार, 'चो' क्षेत्र और तराई में आमतौर पर पाई जाती हैं।	**7 G**	**2X1=2**

	(v) आयु के आधार पर जलोढ़ मृदाओं को दो भागों में बांटा जाता है – पुराना जलोढ़ (बांगर) और नयी जलोढ़ (खादर)। (vi) खादर मृदा में बांगर मृदा की तुलना में ज़्यादा महीन कण होते है। जलोढ़ मृदा अधिक उपजाऊ होती है। (vii) अधिकतर जलोढ़ मृदाएँ पोटाश, फास्फोरस और चूनायुक्त होती है जो गन्नें, चावल, गेहूँ, और अन्य अनाजों और दलहन फसलों की खेती के लिए उपयुक्त है। (viii) अधिक उपजाऊपन के कारण जलोढ़ मृदा वाले क्षेत्रों में गहन कृषि की जाती है एवं यह अधिक बसावट वाले है। (ix) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**		
23	**महिलाओं के प्रति हिंसा को रोकने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए।** (i) देश में सभी की साक्षरता दर में वृद्धि, विशेषकर महिलाओं की, समाज में महिलाओं के साथ व्यवहार को बेहतर बनाने में मदद करेगी। (ii) घरेलू हिंसा और अन्य प्रकार के शोषण से महिलाओं को बचाने के लिए मौजूदा कानूनों के बारे में महिलाओं के बीच कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना। (iii) घरेलू और कार्यस्थल पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कानूनों को मजबूत करना। (iv) राजनीतिक प्रतिनिधित्व में वृद्धि करना। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **कोई दो सुझाव अपेक्षित है।**	**33-34 P**	**2X1=2**
24	**(a) 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में देश को एकजुट करने के लिए 'नमक' किस प्रकार एक शक्तिशाली हथियार बन गया? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए।** (i) सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत नमक कानून को तोड़ने से हुई। (ii) नमक का इस्तेमाल अमीर व गरीब सभी समान रूप से करते थे। (iii) यह भोजन का एक अभिन्न हिस्सा था। (iv) नमक पर कर व उसके उत्पादन पर सरकारी इजारेदारी ब्रिटिश शासन का सबसे दमनकारी पहलू था। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**39 H**	**2X1=2**

	अथवा **(b) औपनिवेशिक सरकार ने किस प्रकार 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' का दमन किया? व्याख्या कीजिए।** (i) एक – एक करके औपनिवेशिक सरकार ने कांग्रेस के नेताओं को गिरफ्तार करना आरंभ कर दिया। (ii) इससे बहुत सारे स्थानों पर हिंसक टकराव हुए। (iii) अप्रैल 1930 में महात्मा गांधी के समर्पित साथी अब्दुल गफ्फार खान को गिरफ्तार किया गया। (iv) गुस्साई भीड़ सशस्त्र बख्तरबंद गाड़ियों और पुलिस की गोलियों का सामना करने के लिए पेशावर की सड़कों पर उतर गई। (v) बहुत सारे लोग मारे गए। (vi) महीने भर बाद महात्मा गांधी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। (vii) शोलापुर के औद्योगिक मजदूरों ने अंग्रेजी शासन के प्रतीक पुलिस चौकियों, नगरपालिका भवनों, अदालतों और रेलवे स्टेशनों पर हमले शुरू कर दिए। (viii) भयभीत सरकार ने निर्मम दमन की नीति का अनुपालन किया। (ix) शांतिपूर्ण सत्याग्रहियों पर हमले किए गए, औरतों व बच्चों को मारा –पीटा गया और काफी लोगों को गिरफ्तार किया गया। (x) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**40 H**	**2X1=2**
	खण्ड – ग **(लघु–उत्तरीय प्रश्न)**		**(5X3=15)**
25	**भारत मे राजनीतिक दलों के समक्ष तीन प्रमुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिए।** (i) पहली चुनौती दलों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र की कमी है। (ii) एक या कुछ नेताओं के हाथों में शक्तियों का केंद्रित होना। (iii) दल सदस्यता रजिस्टर नहीं रखते है, संगठनात्मक बैठकें नहीं करते हैं और नियमित रूप से आंतरिक चुनाव नहीं करवाते हैं। (iv) वंशवाद की चुनौती का सामना सामान्य रूप से राजनीतिक दल कर रहे हैं। (v) अधिकांश राजनीतिक दल अपने कामकाज के लिए खुली और पारदर्शी प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते हैं। (vi) दलों में चुनावों के दौरान धन और बाहुबल की बढ़ती भूमिका राजनीतिक दलों के लिए एक अन्य चुनौती है। (vii) दलों का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना होता है, इसलिए बहुधा वह चुनाव जीतने के लिए जायज – नाजायज तरीकों को अपनाते है।	**57-58P**	**3X1=3**

	(viii) वे उन उम्मीदवारों को नामांकित करते है जिनके पास बहुत सारा धन होता है या वे बहुत सारा धन जुटा सकते हैं। (ix) पार्टियों को धन देने वाले अमीर लोग और कंपनियाँ पार्टी की नीतियों और निर्णयों पर प्रभाव डालती हैं। (x) कुछ मामलों में, पार्टियाँ ऐसे अपराधियों का समर्थन करती हैं जो चुनाव जीत सकते हैं। (xi) प्रायः राजनीतिक दल अपने मतदाताओं को सार्थक विकल्प उपलब्ध नहीं करवा पाते हैं। (xii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या अपेक्षित है।**		
26	**भारत में ऋण के अनौपचारिक स्रोतों की तुलना में औपचारिक स्रोत क्यों लाभदायक हैं? कोई तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।** (i) औपचारिक स्रोत, अनौपचारिक स्रोतों की तुलना में कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करते हैं। (ii) औपचारिक स्रोत की निगरानी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की जाती है, जबकि अनौपचारिक ऋण स्रोतों पर नज़र रखने के लिए कोई संस्था नहीं है। (iii) औपचारिक स्रोतों से ऋण लेने के लिए समर्थक ऋणाधार की आवश्यकता होती है, जबकि अनौपचारिक ऋण स्रोतों में समर्थक ऋणाधार की आवश्यकता नहीं होती है। (iv) शहरी क्षेत्रों में, औपचारिक स्रोत ऋण का मुख्य स्रोत है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग आमतौर पर अनौपचारिक स्रोतों से ऋण लेते हैं। (v) औपचारिक स्रोतों में उधार देने की प्रक्रिया लंबी और जटिल है, जबकि अनौपचारिक स्रोतों से ऋण लेना सरल है। (vi) औपचारिक स्रोत अपना पैसा वापस पाने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग नहीं करते हैं, जबकि अनौपचारिक स्रोतों में ऋणदाता ऋण वसूलने के लिए अनुचित साधनों का उपयोग कर सकते हैं। (vii) औपचारिक स्रोतों के उदाहरण बैंक, सहकारी समितियाँ आदि हैं, जबकि अनौपचारिक स्रोत साहूकार, कृषि व्यापारी, मित्र, परिवार, रिश्तेदार आदि हो सकते हैं। (viii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**51E**	**3X1=3**

27	**"भारत में संगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों को रोजगार – सुरक्षा के लाभ मिलते हैं।" उपयुक्त तर्क देकर इस कथन की परख कीजिए।** (i) संगठित क्षेत्रक में श्रमिकों को नियुक्ति पत्र दिया जाता है, जिसमें काम की सभी शर्तें और नियम लिखे होते हैं। (ii) संगठित क्षेत्रक में श्रमिकों को बिना किसी कारण के नौकरी से नहीं हटाया जा सकता। (iii) संगठित क्षेत्रक सरकार द्वारा पंजीकृत होते हैं और उन्हें इसके नियमों और विनियमों का पालन करना होता है, जो विभिन्न कानूनों जैसे कि कारखाना अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, दुकानें और प्रतिष्ठान अधिनियम आदि में दिए गए हैं। (iv) संगठित क्षेत्रक में श्रमिकों को सवेतन अवकाश मिलता है। (v) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन तर्कों के अनुसार परख अपेक्षित है।**	**30 E**	**3X1=3**
28	**भारत में सत्ता के ऊर्ध्वाधर वितरण का विश्लेषण कीजिए।** (i) सत्ता का विभिन्न स्तरों पर विभाजन ऊर्ध्वाधर विभाजन कहलाता है। (ii) सत्ता को विभिन्न स्तरों पर सरकारों के बीच साझा किया जा सकता है – पूरे देश के लिए एक सामान्य सरकार और प्रांतीय या क्षेत्रीय स्तर पर सरकारें – राज्य और स्थानीय सरकारें। (iii) पूरे देश के लिए एक सामान्य सरकार को आमतौर पर संघीय सरकार कहा जाता है। (iv) भारत में, हम इसे केंद्र या संघ सरकार के रूप में संदर्भित करते हैं। (v) प्रांतीय या क्षेत्रीय स्तर पर सरकारों को भारत में राज्य सरकार की तरह अलग–अलग देशों में अलग–अलग नामों से पुकारा जाता है। (vi) यही सिद्धांत राज्य सरकार से निचले स्तर की सरकार जैसे नगरपालिका और पंचायत पर भी लागू किया जा सकता है। (vii) संविधान स्पष्ट रूप से सरकार के विभिन्न स्तरों की शक्तियों को का विभाजन करता है। (viii) इसे शक्ति का संघीय विभाजन कहा जाता है। (ix) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।**	**8-9 P**	**3X1=3**
29	**(a) आर्थिक मोर्चे पर असहयोग आंदोलन के तीन प्रमुख प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।** (i) विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया। (ii) शराब की दुकानों की पिकेटिंग की गई। (iii) विदेशी कपड़ों की होली जलाई गई। (iv) विदेशी कपड़ों का आयात आधा हो गया।	**34 H**	**3X1=3**


	(v) कई स्थानों पर व्यापारियों और कारोबारियों ने विदेशी वस्तुओं का व्यापार करने या विदेशी व्यापार में पैसा लगाने से इंकार कर दिया। (vi) भारतीय कपड़ा मिलों और हथकरघों का उत्पादन भी बढ़ गया। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।** **अथवा** **(b) असहयोग आंदोलन शहरों में क्यों धीमा पड़ने लगा था? तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए।** (i) खादी का कपड़ा अक्सर बड़े पैमाने पर उत्पादित मिल के कपड़े से अधिक महंगा होता था और गरीब लोग इसे खरीद नहीं पाते थे। (ii) ब्रिटिश संस्थानों के बहिष्कार ने समस्या खड़ी कर दी। (iii) आंदोलन को सफल बनाने के लिए, वैकल्पिक भारतीय संस्थानों की स्थापना जरूरी थी। ताकि उन्हें ब्रिटिश संस्थानों के स्थान पर इस्तेमाल किया जा सके। (iv) वैकल्पिक संस्थानों की स्थापना की प्रक्रिया काफी धीमी थी। (v) विद्यार्थी और शिक्षक सरकारी स्कूलों में वापस आने लगे और वकील सरकारी अदालतों में काम करने लगे। (vi) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।**	**34 H**	**3X1=3**
	खण्ड – घ **(दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न)**		**(4X5=20)**
30	**(a) 1871 में बाल्कन क्षेत्र का तनाव किस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध का प्रमुख कारण बना? व्याख्या कीजिए।** (i) 1871 के बाद यूरोप में राष्ट्रवादी तनाव का सबसे गंभीर स्रोत बाल्कन क्षेत्र था। (ii) बाल्कन भौगोलिक और जातीय विविधता वाला क्षेत्र था जिसमें आधुनिक रोमानिया, बुल्गारिया, अल्बानिया, ग्रीस, मैसेडोनिया, क्रोएशिया, बोस्निया–हर्जेगोविना, स्लोवेनिया, सर्बिया और मोंटेनेग्रो शामिल थे, जिनके निवासियों को मोटे तौर पर स्लाव के रूप में जाना जाता था। (iii) बाल्कन का एक बड़ा हिस्सा ऑटोमन साम्राज्य के नियंत्रण में था। (iv) ऑटोमन साम्राज्य के विघटन के साथ–साथ बाल्कन में रूमानी राष्ट्रवाद के विचारों के प्रसार ने इस क्षेत्र को काफी विस्फोटक बना दिया।	**26 H**	**5X1=5**

	(v) उन्नीसवीं शताब्दी के दौरान ऑटोमन साम्राज्य ने आधुनिकीकरण और आंतरिक सुधारों के माध्यम से खुद को मजबूत करने की कोशिश की, लेकिन बहुत कम सफलता मिली। (vi) एक–एक करके उसके अधीन यूरोपीय राष्ट्रीयताएँ इसके नियंत्रण से अलग हो गईं और स्वतंत्रता की घोषणा करने लगी। (vii) बाल्कन के लोगों ने स्वतंत्रता या राजनीतिक अधिकारों के लिए अपने दावों को राष्ट्रीयता का आधार दिया। (viii) उन्होंने इतिहास का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया कि वे कभी स्वतंत्र थे, लेकिन बाद में विदेशी शक्तियों के अधीन हो गए। (ix) इसलिए बाल्कन में विद्रोही राष्ट्रीयताओं ने अपने संघर्षों को अपनी खोई हुई स्वतंत्रता को वापस जीतने के प्रयासों के रूप में सोचा। (x) जैसे–जैसे विभिन्न स्लाव राष्ट्रीयताएँ अपनी पहचान और स्वतंत्रता को परिभाषित करने के लिए संघर्ष करती गईं, बाल्कन क्षेत्र तीव्र संघर्ष का क्षेत्र बन गया। (xi) बाल्कन राज्य एक–दूसरे से भारी ईर्ष्या करते थे। (xii) उनमें से प्रत्येक को दूसरों की कीमत पर अधिक क्षेत्र हासिल करने की उम्मीद थी। (xiii) मामले और भी जटिल हो गए क्योंकि बाल्कन भी बड़ी शक्तियों की प्रतिद्वंद्विता का दृश्य बन गया। (xiv) इस अवधि के दौरान, व्यापार और उपनिवेशों के साथ–साथ नौसेना और सैन्य शक्ति को लेकर यूरोपीय शक्तियों के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता थी। (xv) बाल्कन समस्या के सामने आने के तरीके में ये प्रतिद्वंद्विताएँ बहुत स्पष्ट थीं। (xvi) रूस, जर्मनी, इंग्लैंड, ऑस्ट्रो–हंगरी की हर ताकत बाल्कन पर अन्य शक्तियों की पकड़ को कमजोर करके क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाना चाहती थी। (xvii) इसके कारण क्षेत्र में युद्धों की एक श्रृंखला शुरू हुई और अंततः प्रथम विश्व युद्ध हुआ। (xviii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **अथवा**		
	(b) 1830 के दशक में ज्युसेपे मेत्सिनी द्वारा एकीकृत इतालवी गणराज्य के लिए प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की व्याख्या कीजिए। (i) 1805 में जेनोआ में जन्मे इतालवी क्रांतिकारी ज्यूसेपे मेत्सिनी कार्बोनारी के गुप्त समाज के सदस्य बन गए। (ii) 1830 के दशक के दौरान, उन्होंने एक एकीकृत इतालवी गणराज्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम तैयार करने की कोशिश की थी। (iii) उन्हें 1831 में लिगुरिया में क्रांति का प्रयास करने के लिए निर्वासन में भेज दिया गया था। (iv) बाद में उन्होंने दो और भूमिगत संगठनों की स्थापना की, पहला, मार्सिले में यंग इटली और फिर, बर्न में यंग यूरोप।	**12-21 H**	**5X1=5**

	(v) मेत्सिनी का मानना था कि ईश्वर ने राष्ट्रों को मानव जाति की प्राकृतिक इकाइयाँ बनाने का इरादा किया था। इसलिए, इटली छोटे राज्यों और साम्राज्यों का एक टुकड़ा बनकर नहीं रह सकता था। (vi) इसे राष्ट्रों के व्यापक गठबंधन के भीतर एक एकीकृत गणराज्य में बदलना था। (vii) यह एकीकरण ही इतालवी स्वतंत्रता का आधार हो सकता है। (viii) मेत्सिनी के राजशाही के प्रति अथक विरोध और लोकतांत्रिक गणराज्यों के उनके दृष्टिकोण ने रूढ़िवादियों को भयभीत कर दिया। (ix) मैटरनिख ने उन्हें 'हमारी सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन' बताया। (x) 1831 और 1848 में क्रांतिकारी विद्रोहों की विफलता का मतलब था कि अब युद्ध के माध्यम से इतालवी राज्यों को एकीकृत करने की जिम्मेदारी सार्डिनिया–पीडमोंट के शासक राजा विक्टर इमैनुएल द्वितीय पर आ गई। (xi) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**		
31	**(a) विकास के सामाजिक एवं आर्थिक लक्ष्यों का विश्लेषण कीजिए।** **सामाजिक लक्ष्य** (i) सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास। (ii) सभी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं। (iii) समान अवसरों और नेतृत्व में भूमिकाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण। (iv) सभी व्यक्तियों के लिए सम्मान, समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना। (v) विविधतापूर्ण समाज में सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना। (vi) बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत करना। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।** **आर्थिक लक्ष्य** (i) जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि। (ii) संतुलित आर्थिक विकास के लिए क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना।	**5-6E**	**2+3=5** **2X1=2** **3X1=3**

	(iii) रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना। (iv) आर्थिक विस्तार का समर्थन करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना। (v) उच्च उत्पादकता और स्थिरता के लिए कृषि का आधुनिकीकरण करना। (vi) नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना। (vii) स्थानीय विनिर्माण के माध्यम से आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना। (viii) पर्यावरणीय जिम्मेदारी के साथ सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करना। (ix) वैश्विक व्यापार का विस्तार करना। (x) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।** **अथवा** **(b) वर्तमान समय में विकास की धारणीयता का प्रश्न चुनौतीपूर्ण क्यों होता जा रहा है? उपर्युक्त कारणों का विश्लेषण कीजिए।** (i) सतत् पोषणीय विकास का तात्पर्य भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करना है। (ii) बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों की बढ़ती मांग के साथ वर्तमान समय में सतत् पोषणीय विकास चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। (iii) पर्यावरण क्षरण के परिणाम राष्ट्रीय या राज्य की सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं। सतत् पोषणीय विकास एक वैश्विक मुद्दा है और इसके लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। (iv) सतत् पोषणीय विकास द्वारा औद्योगीकरण को बढ़ावा देने से संसाधन दक्षता और दीर्घकालिक आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सकता है।	**14-15E**	**5X1=5**

	(v) पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियां पर्यावरण की रक्षा करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा देती हैं। सतत् पोषणीय विकास को सरकारी नीतियों द्वारा प्रभावी बनाया जा सकता है। (vi) जीवन शैली में बदलाव से अति उपभोग हो रहा है। जन जागरूकता और जिम्मेदार उपभोग दीर्घकालिक सतत् पोषणीय विकास में योगदान दे सकता है। (vii) सौर और पवन ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतो को बढ़ावा देने से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती है। (viii) पर्यावरण कानूनों और विनियमों को मजबूत करने से प्रदूषण को नियंत्रित करने और पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने में मदद मिलती है। (ix) वनीकरण और जैव विविधता संरक्षण को प्रोत्साहित करने से पारिस्थितिक संतुलन प्राप्त होता है। (x) सतत् पोषणीय कृषि में निवेश प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है। (xi) जल संरक्षण पहल और कुशल सिंचाई तकनीक जल सुरक्षा को बढ़ाती है। (xii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित है।**		
32	**(a) भारत में आर्थिक असमानताओं को कम करने के लिए लोकतंत्र की भूमिका की व्याख्या कीजिए।** (i) लोकतंत्र राजनीतिक समानता पर आधारित है। प्रतिनिधियों के चुनाव में सभी व्यक्तियों का समान महत्व होता है। (ii) लोकतंत्र आर्थिक स्थिति, भाषा, धर्म आदि के आधार पर भेदभाव को हतोत्साहित करता है। (iii) लोकतांत्रिक सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए योजनाएँ बनाती है। (iv) लोकतंत्र वंचित और भेदभाव वाले समूहों के समान व्यवहार और समान अवसर के दावों को मजबूत करता है। (v) लोकतांत्रिक सरकारें सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण जैसे विशेष प्रावधान करती हैं। (vi) लोकतांत्रिक सरकारें रोजगार सृजन कार्यक्रम शुरू करती हैं।	**69P**	**5X1=5**

	(vii) लोकतांत्रिक सरकार समाज के विभिन्न स्तरों के बीच समान रूप से संपत्ति वितरित करने का प्रयास करती है। (viii) लोकतांत्रिक सरकारें समाज के वंचित वर्गों को बेहतर वर्ग के बराबर लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू करती हैं। (ix) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।** **अथवा** **(b) नागरिकों की गरिमा स्थापित करने में लोकतंत्र की भूमिका की व्याख्या कीजिए।** (i) व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में लोकतंत्र किसी भी अन्य प्रकार की सरकार से कहीं बेहतर है। (ii) हर व्यक्ति अपने साथियों से सम्मान प्राप्त करना चाहता है। (iii) अक्सर व्यक्तियों के बीच संघर्ष उत्पन्न होते हैं क्योंकि कुछ लोगों को लगता है कि उनके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार नहीं किया जा रहा है। (iv) दुनिया भर के लोकतंत्रों ने इसे मान्यता दी है एवं इसे हल करने के लिए व्यवस्था प्रदान की है। (v) यह विभिन्न लोकतंत्रों में विभिन्न स्तरों पर हासिल किया गया है। (vi) भारत में लोकतंत्र ने वंचित और जाति/लिंग के भेदभाव से पीड़ित लोगों के समान दर्जे और समान अवसरों के दावों को मजबूत किया है। (vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित है।**	**71P**	**5X1=5**
33	**(a) दिए गए फ्लो चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए:**  **उपर्युक्त फ्लो चार्ट के आधार पर वस्त्र उद्योग में अतिरिक्त मूल्य उत्पाद की व्याख्या कीजिए।** (i) कपास को कपास के पौधों से प्राप्त किया जाता है और बीज तथा अशुद्धियों को हटाने के लिए संसाधित किया जाता है। प्राप्त कच्चा रेशा अतिरिक्त मूल्य उत्पाद का प्रारंभिक चरण है।	**60 G**	**5X1=5**

(ii) कच्चे कपास के रेशे को विभिन्न कताई तकनीकों के माध्यम से सूत में काटा जाता है। यह कपास को बुनाई या बुनाई के लिए उपयुक्त बनाकर इसकी उपयोगिता को बढ़ाता है।

(iii) सूत को बुनकर कपड़ा बनाया जाता है। यह चरण सामग्री को अधिक कार्यात्मक रूप में बदल देता है, जिससे इसे आगे की प्रक्रिया के लिए उपयुक्त बनाकर मूल्य में वृद्धि होती है।

(iv) कपड़े को उसकी सौंदर्य अपील, स्थायित्व और बनावट में सुधार करने के लिए रंगाई, छपाई और परिष्करण प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इससे कपड़े का बाजार मूल्य बढ़ जाता है और यह परिधान उत्पादन के लिए तैयार हो जाता है।

(v) तैयार कपड़े को काटकर शर्ट, ड्रेस या जींस जैसे परिधानों में बनाए जाते हैं, जिससे यह उपभोक्ताओं के लिए तैयार हो जाता है।


(vi) कपास उद्योग मांग उत्पन्न करके रसायन और रंग जैसे कई अन्य उद्योगों को भी बढ़ावा देता है।

(vii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु।

समग्रता में मूल्यांकन अपेक्षित है।

अथवा

(b) दिए गए फ्लो चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए: | **62 G** | **5X1=5**



उपर्युक्त फ्लो चार्ट के आधार पर इस्पात निर्माण प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए।

(i) लौह अयस्क, कोयला और चूना पत्थर जैसे कच्चे माल को स्टील प्लांट में ले जाया जाता है। (उदाहरणः भारत में खानों (जैसे ओडिशा या झारखंड) से लौह अयस्क को स्टील प्लांट में ले जाया जाता है।)

	(ii) कच्चे माल को ब्लास्ट फर्नेस में डाला जाता है, जहाँ उन्हें उच्च तापमान पर पिघलाया जाता है। (उदाहरणः स्टील प्लांट में, कोक का उपयोग लौह अयस्क को पिघलाने के लिए ईंधन के रूप में किया जाता है।) (iii) ब्लास्ट फर्नेस से निकाले गए पिघले हुए लोहे को ढलवाँ आयरन कहा जाता है, जिसमें कार्बन की मात्रा अधिक होती है लेकिन यह अभी स्टील नहीं होता है। (उदाहरणः पिग आयरन का उपयोग स्टील को परिष्कृत करने के लिए किया जाता है।) (iv) ढलवाँ लौहे को अशुद्धियों को कम करने और इसकी संरचना को समायोजित करने के लिए स्टील बनाने वाली भट्टियों में संसाधित किया जाता है। (उदाहरणः कंपनियाँ विभिन्न औद्योगिक उपयोगों के लिए स्टील के विभिन्न ग्रेड बनाती हैं।) (v) शुद्ध किए गए स्टील को फिर रोलिंग, प्रेसिंग, ढलाई और गढ़ाई के माध्यम से शीट, रॉड या बीम जैसे वांछित रूपों में आकार दिया जाता है। (उदाहरणः स्टील का उपयोग निर्माण सामग्री, ऑटोमोबाइल पाट्र्स आदि के निर्माण के लिए किया जाता है।) (vi) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **समग्रता में मूल्यांकन अपेक्षित है।**		
	खण्ड – ड. **(केस/स्रोत– आधारित प्रश्न)**		**3X4=12**
34	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **राज्य पुनर्गठन आयोग** राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को 1 नवंबर, 1956 को लागू किया गया था। अपने दौर में और अपने तरीके से इसने राष्ट्र के राजनीतिक और संस्थागत जीवन को एकदम बदल दिया था.... गाँधीजी और अन्य नेताओं ने अपने अनुयायियों से वादा किया था कि जब मुल्क आज़ाद होगा तो इस नए देश में नए प्रांत बनेंगे और भाषा के आधार पर प्रांतों का पुनर्गठन किया जाएगा। पर जब 1947 में मुल्क आज़ाद हुआ तो इसका बँटवारा भी हो गया... बहरहाल, भारत की एकता को कमज़ोर करने की जगह भाषा के आधार पर गठित राज्यों ने इसकी एकता को मज़बूत करने में मदद की है। एक व्यक्ति कन्नड़ और भारतीय या बंगाली और भारतीय अथवा तमिल और भारतीय या गुजराती और भारतीय जैसी दो-दो पहचानों के साथ आसानी से जीता है।	**23P**	**4**

	34.1 गाँधीजी ने अपने अनुयायियों से क्या वादा किया था? (1) (i) जब मुल्क आजाद होगा तो इस नए देश में नए प्रांत बनेंगें (ii) भाषा के आधार पर प्रांतों का पुनर्गठन किया जाएगा। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु **किसी एक बिन्दु का वर्णन अपेक्षित है।** **34.2 भाषा ने किस प्रकार भारत की एकता को मजबूत किया?** (1) (i) भाषाई राज्यों ने भारतीय एकता को कमजोर करने के बजाय इसे मजबूत करने में मदद की है। (ii) भाषाई राज्यों के गठन ने वास्तव में देश को और अधिक एकजुट बना दिया है। (iii) इसने प्रशासन को भी आसान बना दिया है। (iv) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु **किसी एक बिन्दु का वर्णन अपेक्षित है।** **34.3 केरल एवं आंध्रप्रदेश राज्यों की प्रमुख भाषा का नाम उल्लेख कीजिए।** (2) केरल – मलयालम आंध्र प्रदेश – तेलुगू		
35	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि** यह 'कर्तन दहन प्रणाली' (slash and burn) कृषि है। किसान जमीन के टुकड़े साफ करके उन पर अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए अनाज व अन्य खाद्य फसलें उगाते हैं। जब मृदा की उर्वरता कम हो जाती है तो किसान उस भूमि के टुकड़े से स्थानांतरित हो जाते हैं और कृषि के लिए भूमि का दूसरा टुकड़ा साफ करते हैं। कृषि के इस प्रकार के स्थानांतरण से प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ जाती है। चूँकि किसान उर्वरक अथवा अन्य आधुनिक तकनीकों का प्रयोग नहीं करते, इसलिए इस प्रकार की कृषि में उत्पादकता कम होती है। देश के विभिन्न भागों में इस प्रकार की कृषि को विभिन्न नामों से जाना जाता है। उत्तर-पूर्वी राज्यों असम, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में इसे 'झूम' कहा जाता है; मणिपुर में पामलू (pamlou) और छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले और अंडमान निकोबार द्वीप समूह में इसे 'दीपा' कहा जाता है। **35.1 'कर्तन दहन प्रणाली' कृषि के किस प्रकार के अंतर्गत आती है?**(1) प्रारंभिक जीवन निर्वाह कृषि **35.2 'कर्तन दहन प्रणाली' में उत्पादकता कम क्यों होती है?** (1) (i) इस प्रकार की कृषि में भू उत्पादकता कम हो जाती है क्योंकि कृषक खादों और आधुनिक तरीकों का उपयोग नहीं करते हैं। (ii) इसमें कृषि के पारंपरिक तरीकों का उपयोग होता है। (iii) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का वर्णन अपेक्षित है।**	**30 G**	**4**

	35.3 कृषि की 'कर्तन दहन प्रणाली' की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(2)** (i) भूमि के छोटे टुकड़े पर आदिम कृषि औजारों से की जाती है। (ii) यह भूमि प्राकृतिक उत्पादकता और मानसून पर निर्भर करती है। (iii) कृषि क इस प्रकार से मिट्टी की उर्वरता शक्ति बढ़ जाती है। (iv) इसे विभिन्न भागों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। (v) कोई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**		
36	**दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **यूरोप की पहली छपी किताब, गुटेन्बर्ग की बाइबिल से कुछ पन्ने।** गुटेन्बर्ग ने कुल 180 प्रतियाँ छापी थीं, पर उनमें से 50 ही बच पाई हैं। आइए गुटेन्बर्ग की बाइबिल के इन पन्नों को ध्यान से देखें। ये केवल नयी तकनीक की देन नहीं थे। इन्हें गुटेन्बर्ग प्रेस की धातुई टाइप से छापा जरूर गया था, पर इनके हाशिए पर कलाकारों ने हाथ से टीकाकारी और सुघड़ चित्रकारी की थी। कोई दो प्रतियाँ एक-जैसी नहीं थीं। हर प्रति का हर पन्ना अलग था। जहाँ पहली नज़र में वे एक-जैसे लगे भी, गौर से तुलना करने पर फ़र्क़ पता चल जाएगा। हर जगह पर कुलीन तबक़ों ने इस विशिष्टता को पसंद किया। जो उनके पास था, वह अनोखा था, वे यह दावा कर सकते थे, क्योंकि किसी और के पास उसकी हू-ब-हू नक़ल नहीं थी। आप इबारत में देखेंगे कि कई जगहों पर अक्षरों के अंदर रंग भरे गए हैं। इसके दो फ़ायदे थे। पन्ना रंगीन हो जाता था, और साथ ही सारे पवित्र शब्द ज़्यादा दर्शनी और महत्त्वपूर्ण बन जाते थे। लेकिन हर पन्ने पर रंग हाथ से भरे जाते थे। गुटेन्बर्ग ने इबारत या पाठ को काले में छापा और बाद में रंग भरे जाने के लिए जगह छोड़ दी। **36.1 मुद्रण के क्षेत्र में गुटेन्बर्ग के योगदान का उल्लेख कीजिए।** **(1)** (i) 1430 के दशक में योहान गुटेन्बर्ग प्रिंटिग प्रेस का निर्माण किया। (ii) इससे मुद्रण क्रांति – विश्व में हाथ से छपाई की जगह प्रेस से छपाई होने लगी। (iii) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का उल्लेख अपेक्षित है।** **36.2 किताबों के हाशिए पर टीकाकारी और चित्रकारी किस प्रकार की जाती थी?** **(1)** (i) किताबों के हाशियों पर कलाकारों ने हाथ से टीकाकारी और सुघड़ चित्रकारी की थी। (ii) कोई अन्य बिन्दु। **किसी एक बिन्दु का उल्लेख अपेक्षित है।** **36.3 अक्षरों में रंग भरने के किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए।** **(2)** (i) पन्ना रंगीन हो जाता था और साथ ही सारे पवित्र शब्द ज्यादा दर्शनी और महत्वपूर्ण बन जाते थे। (ii) हर पन्ने पर रंग हाथ से भरे जाते थे। (iii) गुटेन्बर्ग न इबारत या पाठ को काले में छापा और बाद मे रंग भर जाने के लिए जगह छोड़ दी। (iv) कोई अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु। **किन्हीं दो बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित है।**	**109 H**	**4**

	खण्ड – च **(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)**		**(2+3=5)**
37 (a)	(a). दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा– मानचित्र पर दो स्थानों 'A' और 'B' को अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके समीप खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। (a). वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। **कलकत्ता / कोलकत्ता** (b). वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नील खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह किया था। **चंपारण (बिहार)** **संलग्न मानचित्र को देखिए।**		**2x1=2**
	नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (a) के स्थान पर हैं। (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ दिसंबर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। **नागपुर** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गांधी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था। **चंपारण (बिहार)**		**2x1=2**
	37 (b) भारत के इसी रेखा – मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिएः I. चावल उत्पादन में अग्रणी राज्य – **पश्चिम बंगाल** II. तमिलनाडु स्थित कोयलें की खानें – **नेवेली** III. कर्नाटक स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन –**न्यू मंगलौर** IV. महाराष्ट्र स्थित तेल क्षेत्र – **मुंबई हाई / बसीन** **संलग्न मानचित्र को देखिए।**		**3x1=3**
	नोटः निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 (b) के स्थान पर हैं। **37 (b)** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिएः (i) चावल उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए। **पश्चिम बंगाल** (ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में कोयले की खानें स्थित हैं। **नेवेली** (iii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है। **न्यू मंगलौर** (iv) महाराष्ट्र स्थित तेल क्षेत्र का नाम लिखिए। **मुंबई हाई / बसीन**		**3x1=3**

प्रश्न सं. 37 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 37

32/5/1,2,3

